# Frozen movement



■ Trucks stranded on the Jammu-Srinagar national highway during heavy snowfall at Qazigund in south Kashmir's Anantnag district on Thursday.

■ Movement of trucks was stopped due to the slippery conditions near Jawahar Tunnel at Banihal in Ramban district after snowfall. PTI

# WARM DAY IN DELHI

*New Delhi, 11 February:* It was a warm day in the national capital today with the maximum temperature being recorded at 26.8 degrees Celsius, four notches above the season's average. The minimum temperature settled at 10.2 degrees Celsius, normal for this time of the year, said a MeT department official. Visibility was 1,200 metres at 8.30 AM, while humidity oscillated between 88 and 29 per cent. 15 north-bound trains were reported to be running late although flight operations at Delhi Airport remained normal. The MeT office has predicted overcast conditions for tomorrow. "The skies will be partly cloudy. Mist or shallow fog may occur at some places. The maximum and minimum temperatures are expected to settle at 26 degrees Celsius and 11 degrees Celsius, respectively," the official said. Yesterday, the maximum temperature had settled at 26.2 degrees Celsius while the minimum temperature was 8.6 degrees Celsius. PTI

झीलों को भरने के लिए खोला आकोदड़ा डेम का पानी | बूझड़ा नदी में बहाव के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाए

पत्रिका - 12-2-16

# पानी के बहाव ने कर दी छुट्टी

उदयपुर @ पत्रिका

patrika.com/city

लेक फेस्टिवल के लिए झीलों को भरने के लिए आकोदड़ा बांध से छोड़ा गया पानी बच्चों पर भारी पड़ गया। पानी छोड़े जाने के बाद बूझड़ा नदी के पानी में चार फीट का बहाव होने के कारण बुधवार को करीब 30 बच्चे विद्यालय नहीं जा सके।

पिछोला और फतहसागर को भरने के लिए आकोदड़ा बांध के आउटलेट से पानी छोड़ा गया था। यह पानी बूझड़ा गांव से होते हुए सीसारमा नदी मे होकर पिछोला में प्रवेश कर रहा है। इसके चलते विद्यालय जाने वाले दर्जनों बच्चों की परेशानी बढ़ गई। बूझड़ा के निकट डांग फला के बच्चे रोजाना नदी पार कर नदी के उस पार स्थित प्राथमिक विद्यालय वलाफला जाते हैं, लेकिन बहाव तेज होने के कारण लगभग 30 बच्चे नहीं जा पाए। यही हाल गुरुवार का भी रह सकता है।

## ग्रामीण भी हैं परेशान

ग्रामीणों का कहना है बारिश के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्मशान घाट नदी के उस पार होने के कारण बरसात के समय किसी की मौत होने पर बहाव में से होकर अर्थी ले जानी पड़ती है। नदी में तेज बहाव होता है तब शव को पानी उतरने तक घर में ही रखना पड़ता है। इस समस्या से ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों तक गुहार लगाई लेकिन कोई हल नहीं निकला।





बूझड़ा नदी के उस पार विद्यालय जाने के लिए नदी का बहाव कम होने का इंतजार करते विद्यार्थी व नदी से होकर विद्यालय जाने का प्रयास करते विद्यार्थी।

## 15 किमी का चक्कर


क्षेत्रवासियों का कहना है कि डांगफला से वलाफला जाने का एक ही रास्ता है। नदी को पार कर नहीं जाते हैं, तो रामपुरा चौराहा होकर जाना पड़ता है। यह दूरी लगभग 15 किमी है। साथ ही इस विद्यालय के अलावा दूसरे विद्यालय 5 से 10 किमी की दूरी पर स्थित है। इस समस्या को लेकर छात्र व अभिभावकों ने बुधवार को ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र भी दिया। साथ ही 12 फरवरी को ग्रामीण जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपेंगे।

## अटके रहे बच्चे

सुबह पानी का बहाव तेज था जिससे बच्चे विद्यालय नहीं जा सके। बरसात के समय बहाव तेज होता है, तो निजी वाहन कर बच्चों को स्कूल ले जाया जाता है।

**शंकर लाल**, वार्ड पंच

## फतहसागर पहुंचा पानी



**उदयपुर.** झील महोत्सव के चलते झीलें भरने के लिए आकोदड़ा बांध से छोड़ा पानी बुधवार शाम को लिंक नहर से फतहसागर में पहुंचाया गया। शाम को लिंक नहर के गेट खोलते ही फतहसागर में पानी पहुंचने लगा। आकोदड़ा बांध से मंगलवार से छोड़े गए पानी की आवक पिछोला में जारी है। बुधवार शाम तक पिछोला का जल स्तर 7.8 से बढ़कर 8.5 फीट हो गया। शाम शाम 6.30 बजे जल संसाधन विभाग ने लिंक नहर के गेट खोले, जिससे फतहसागर में पानी पहुंचने लगा। महोत्सव के चलते दोनों झीलों का जल स्तर 10-10 फीट तक किया जाएगा।

# कश्मीर में ताजा बर्फबारी

**श्रीनगर,** (भाषा): गुलमर्ग और पहलगाम के पर्यटक रिसोर्ट सहित कश्मीर के ऊंचाई वाले कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक मौसम गीला रहने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शोपियां में मुगल रोड पर पीर की गली, सोनमर्ग, अमरनाथ गुफा मंदिर, रजदान दर्रा, साधना टॉप और गुरेज सहित कश्मीर के ऊंचाई वाले कई स्थानों पर बर्फबारी होने की खबर है। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग में भी ताजा बर्फबारी होने की खबर है जहां पर रात के दौरान 20 सेंटीमीटर बर्फ गिरी है।

पंजाब-12-2-16

# सरस्वती नदी का प्रवाह धरातल पर लाने के प्रयास

**नई दिल्ली @ पत्रिका** . हरियाणा के पर्यटन मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सरस्वती नदी के पवित्र जल की धारा का प्रवाह जल्द ही धरातल पर हो। सरस्वती नदी पर वैज्ञानिकों ने अनेक शोध किए हैं, जिसके आधार पर यह संभव है कि जमीन के अंदर नदी के प्रवाह को जमीन की ऊपरी स्तह पर लाया जा सकता है। शर्मा हरियाणा के पंचकूला के राजकीय महाविद्यालय में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की ओर से सरस्वती महोत्सव के उपलक्ष्य में 'सरस्वती की कहानी, विज्ञान की जुबानी' विषय पर आयोजित सेमिनार को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऋग्वेद और यजुर्वेद सहित प्राचीन समय के सभी ग्रंथों में सरस्वती नदी के प्रवाह का वर्णन है तथा इसके प्रमाण भी हमें मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब हरियाणा के प्रभारी थे, तब उन्होंने सरस्वती नदी के पुनः प्रवाह की बात कही थी। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने भी प्रदेश के लोगों की आस्था का ध्यान रखते हुए इस नदी के प्रवाह के लिए वैज्ञानिकों को उपाय खोजने की जिम्मेवारी सौंपी तथा इसके लिए प्रदेश में अलग से हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड का गठन किया। इस बोर्ड की ओर से लगातार नदी के पुनः प्रवाह के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# कश्मीर में बर्फबारी, श्रीनगर राजमार्ग बंद

पत्रिका - 12-2-16



**श्रीनगर .** जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में गुरुवार को ताजा बर्फबारी हुई जबकि घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई है। कड़ाके की ठंड से कश्मीर मानो जम सा गया है। वहीं भारी हिमपात से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया, जिससे काजीगुंड, रामबन तथा ऊधमपुर के निकट यात्री गाड़ियों समेत हजारों वाहन फंस गए हैं। शोपियां में मुगल रोड पर पीर की गली, सोनमर्ग, अमरनाथ गुफा मंदिर, राजदान दर्रा, साधना टॉप और गुरेज सहित कश्मीर के उंचाई वाले कई स्थानों पर बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में भी ताजा बर्फबारी होने की खबर है जहां बुधवार रात 20 सेंटीमीटर बर्फ गिरी है। पहलगाम में भी करीब 8 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। गुलमर्ग का तापमान शून्य से 4.5 डिग्री नीचे बना हुआ है।